तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026




10 संवाद, संस्कार व सहयोग की भावना से समाज...


12 घरेलू गैस सिलेंडर व पेट्रोल-डीजल के बढ़ते ...









## खबर संक्षेप

### जिओ टावर से 72 बैटरियां चोरी, 3 लाख का नुकसान



**कांकेर।** थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम सावलीबरस स्थित जिओ टावर से बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। टावर के टेक्नीशीयन ने थाना कोयलीबेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिओ टावर टेक्नीशियन राजस्थान के 31 वर्षीय संदीप जाट ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में अंतागढ़ में है और 15 जनवरी को वह जिओ टावर सावलीबरस का निरीक्षण करने पहुंचा था। इस दौरान टावर में लगे वेरला बैटरी बैंक में से तीन बैटरी बैंक चोरी पाए गए। प्रत्येक बैंक में 24 बैटरियां होती हैं, इस प्रकार कुल 72 बैटरियां अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गईं। चोरी हुई बैटरियों की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपएं आंकी गई है। घटना के संबंध में आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। थाना कोयलीबेड़ा पुलिस ने चोरी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका

# बिना रायल्टी परिवहन में संलिप्त हाईवा जब्त और खदान संचालकों को हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खनिज विभाग की सख्ती एक बार फिर सामने आई है। अवैध खनन और बिना रायल्टी परिवहन पर लगाम कसने के लिए विभाग ने 4 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए एक हाईवा वाहन को जब्त कर चारामा थाना के सुपुर्द कर दिया। साथ ही रेत परिवहन के दौरान हाईवा मे भरी रेत से पानी गिरने की शिकायतों पर भी विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए संचालकों को सख्त चेतावनी दी है।

- वाहन को जब्त कर चारामा थाना के सुपुर्द कर दिया गया

जिले में अवैध खनन और बिना रायल्टी खनिज परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में 4 अप्रैल को विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना रायल्टी के रेत परिवहन कर रही हाईवा क्रमांक सीजी 07 जीएम 6258 को पकड़ा। जांच के दौरान वाहन चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर चारामा थाना के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विभाग को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में कई वाहन बिना रायल्टी के रेत और अन्य खनिजों का परिवहन कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम ने निगरानी बढ़ाई और मौके पर दबिश देकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग ⏭ शेष पेज 10 पर





#### दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

खनिज विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध खनन या बिना रायल्टी परिवहन की जानकारी मिलती है, तो वे इसकी सूचना तत्काल विभाग को दें। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### सड़कों पर बहते रहता है पानी

रेत परिवहन के दौरान हाईवा में इतनी गीली रेत रहती है कि रेत से पानी कई किलोमीटर तक सड़क पर गिरता रहता है, जिससे आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई जगहों पर यह देखा गया कि रेत से भरे वाहनों से पानी टपकने के कारण सड़कें खराब हो रही हैं और आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस पर खनिज विभाग ने रेत संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे परिवहन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें और इस तरह की लापरवाही से बचें। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में रेत से पानी गिरने या बिना सुरक्षा उपायों के परिवहन करते हुए वाहन पाए जाते हैं, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना, वाहन जब्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

# पश्चिमी विक्षोभ से जिले के कई इलाके में बूंदा-बांदी के बाद उमस ने किया बेचैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

बारिश की फुहारों से राहत की उम्मीद लगाए बैठे कांकेर अंचल के लोगों को उल्टा उमस और बिजली कटौती ने परेशान कर दिया। शनिवार 4 अप्रैल को हुई हल्की बारिश ने मौसम को सुहाना बनाने के बजाय चिपचिपी गर्मी और बढ़ा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा।

- बिजली बाधित होने से आमजन होते रहे परेशान

कांकेर समेत आसपास के अंचलों में शनिवार 4 अप्रैल को मौसम ने अचानक करवट ली, लेकिन यह बदलाव लोगों के लिए राहत भरा साबित नहीं हुआ। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए रहे और धूप के साथ आंखमिचौली चलती रही। दिनभर लोगों को उम्मीद थी कि बारिश से गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन शाम होते-होते हालात इसके उलट नजर आए। शाम करीब 4 बजे के बाद आसमान में काले घने बादल छा गए और साढ़े 4 बजे से लेकर लगभग साढ़े 5 बजे तक हल्की बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं भी चलीं, जिससे कुछ समय के लिए मौसम सुहावना जरूर हो गया। हालांकि जैसे ही बारिश थमी, उमस और ⏭ शेष पेज 10 पर

#### गरज-चमक के साथ बारिश हुई

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के ऊपर बना चक्रवाती परिसंचरण और एक द्रोणिका का प्रदेश से होकर गुजरा, जिसके कारण वातावरण में नमी बढ़ी और गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस तरह की हल्की बारिश के बाद उमस बढ़ना सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि वातावरण में नमी का स्तर बढ़ जाता है।




## खबर संक्षेप

### भाजपा के स्थापना दिवस पर 6 से विविध कार्यक्रम



**दुर्गूकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल में आगामी 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस संबंध में मंडल स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष अपना 46 वां स्थापना दिवस मनाते हुए 47 वें वर्ष में प्रवेश करेगी। 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में पार्टी की स्थापना हुई थी, जहां स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, अस्पताल में कराया इलाज



**कांकेर।** तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। ग्राम संबलपुर कुम्हारपारा निवासी युवक सड़क हादसे में घायल हो गया। घटना शुक्रवार 3 अप्रैल की दोपहर करीब 2:15 बजे कराठी तालाब के पास की है। संतोष कुमार देवांगन ने पुलिस को बताया कि भानुप्रतापपुर में अपना आईटी प्रोफेशन का कार्य संचालित करता है। वह दोपहर में लंच के लिए अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीके 9096 से घर जा रहा था। इसी दौरान कराठी तालाब के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडी 3176 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके दाहिने हाथ, पसली और दोनों घुटनों में चोट आई। हादसे के बाद घायल युवक स्वयं इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर पहुंचा, जहां उसका उपचार किया गया। घटना की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में किया गया, जिस पर पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 3176 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### झिरिया धोबी समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को ग्राम अछोटी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

---

बैठक में सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर गंभीर चर्चा

# संवाद, संस्कार व सहयोग की भावना से समाज मजबूत होगा : आरएसएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




सामाजिक एकता और सद्भाव को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाज में व्याप्त सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर गंभीर चर्चा करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया।

आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सामाजिक सद्भाव के प्रांतीय संयोजक सुधीर गौतम ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसकी समरसता, पारिवारिक संस्कार और पर्यावरण संरक्षण पर निर्भर करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संत किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के होते हैं और समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने वर्तमान समय में परिवारों के बीच बढ़ती दूरी पर चिंता जताते हुए कहा कि संस्कारों की कमी एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उन्होने सुझाव दिया कि परिवार के सभी सदस्य दिन में नहीं तो कम से कम रात में एक समय साथ बैठकर भोजन करें और इस दौरान टीवी व मोबाइल से दूरी बनाकर आपसी संवाद को बढ़ावा दें। बच्चों को अपनी परंपराओं, त्योहारों और पूर्वजों के बारे में जानकारी देना बेहद आवश्यक है, ताकि उनमें संस्कार और पहचान की भावना विकसित हो सके। समरसता के विषय पर उन्होंने कहा कि समाज को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

मंदिर, घाट और श्मशान जैसे सार्वजनिक स्थलों पर समानता की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक वृक्ष लगाने और जल संरक्षण के लिए घरों में सोख्ता गड्ढे बनाने की अपील की। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों पर जोर देते हुए कहा कि देश का नुकसान, हमारा अपना नुकसान है। इसलिए हर व्यक्ति को देशहित में सोचने और कार्य करने की आवश्यकता है। साथ ही अपनी भाषा, बोली, खान-पान और संस्कृति को बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है, जिससे हमारी पहचान बनी रहती है। इस दौरान खंड संयोजक रमेश दुग्गा ने वर्तमान में धर्मांतरण के कारण उत्पन्न हो रहे सामाजिक तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को इस विषय पर सजग रहकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बैठक में भावेश साव, देवाराम कोठारे, पितेश्वर साहू, गोकुल साहू सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए।

आयोजित कार्यक्रम में गौरव चोपड़ा, योगेश्वर सिन्हा, संवन जोशी, निखिल सिंह ठाकुर, नरेश जैन, बंशीलाल साहू, श्रीराम सोरी, अनिता रावटे और शिवकुमार साहू सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

---

# दुर्गूकोंदल को संजीवनी एक्सप्रेस मिली, आपात सेवा को मिला संबल



**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विकासखंड दुर्गुकोंदल को नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस की सौगात मिली है। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस का विधिवत शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस सेवा के विस्तार से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। अब आपात स्थिति में उन्हें निजी वाहनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। यह पहल ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र कल्लो ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। दुर्गुकोंदल जैसे वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति के दौरान समय पर अस्पताल पहुंचना एक बड़ी चुनौती रही है। नई एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से अब गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा, जिससे कई अनमोल जीवन बचाए जा सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज किशोरे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नई 108 एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से सुसज्जित है। इसमें प्रशिक्षित ईएमटी इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और पायलट तैनात रहेंगे, जो मरीज को अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्राथमिक उपचार प्रदान करेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना मिलने के 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस मौके पर पहुंच सके। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र सिंह भदौरिया आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ. संदीप साहू चिकित्सा अधिकारी, दमकासा, मनोज दुग्गा, राहुल राय, सरपंच तुलसी मतलामी, मनोज उसेंडी, शबाना टंडिया, कमलेश्वरी, रुपेश सहित 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# कार की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बारदेवरी से व्यासकोंगेरा जा रहें मोटर सायकल सवार दो लोगो का राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गोविंदपुर के पास कार से भिड़ंत हो गया। एक्सीडेंट में बाइक सवार दोनो युवक जमीन में गिर गए। गिरने से दोनो को गंभीर चोट आया। मौजूद राहगिरों ने घायलो को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने एक कि मौत होने का पुष्टी किया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे बारदेवरी निवासी 30 वर्षीय युवराज कुमार देहारी पिता गुलाब सिंह देहारी ने पुलिस को बताया कि 3 अप्रैल को सुबह करीबन 10 बजे अपने घर ग्राम बारदेवरी से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीए 6030 में भाई चमरू देहारी निवासी कन्हारपुरी के साथ सवार होकर व्यासकोंगेरा जा रहे थे। मोटर सायकल को मै चला रहा था कि करीबन 10.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में गोविन्दपुर के पास कांकेर की ओर से आ रही कार मारूती स्वीफट डिजायर क्रमांक सीजी 04 एलएफ 8405 का चालक राकेश कुमार साहू अपने कार को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे हम दोनो सड़क पर गिर गए। एक्सीडेंट से मुझे बाए पैर के घुटना, पंजा में एंव मेरे भाई चमरू देहारी के सिर एंव शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आया, जिसे राहगीरो के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने चेक कर चमरू देहारी को मौत होना बताया। कार मारूती स्वीफट डिजायर क्रमाक सीजी 04 एल एफ 8405 के चालक राकेश कुमार साहू द्वारा अपने कार को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट से आई चोट से ही भाई चमरू देहारी का मौत होने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---

# बाइक से गिरे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत पीढ़ापाल क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में मोटर सायकल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए 47 वर्षीय माखन सिंह सलाम की रायपुर के डी के ए स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद मोटर सायकल चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। मृतक पीढ़ापाल निवासी माखन सिंह सलाम बीती 15 दिसंबर को बालक हॉस्टल में खाना बनाने गए थे। शाम करीब 5 बजे वे अपने साथी देवनारायण सलाम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 7579 पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान नीचेपारा के पास एक ब्रेकर पर मोटर सायकल अनियंत्रित हो गई, जिससे पीछे बैठे माखन सिंह सलाम सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया जहां 16 दिसंबर की शाम करीब 5:30 बजे माखन सिंह ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीयू 7579 का चालक देवनारायण सलाम के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

---

# पार्षद की अभद्रता पर पत्रकार बिफरे, दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में पत्रकारों के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पार्षद तुषार ठाकुर के बयान से आक्रोशित पत्रकार संघ ने इसे पत्रकारिता की गरिमा पर सीधा हमला बताते हुए कड़ी निंदा की है।

पत्रकार संघ भानुप्रतापपुर द्वारा जारी ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 2 अप्रैल को आयोजित एसडीओपी हटाओ प्रदर्शन के दौरान पार्षद तुषार ठाकुर ने सार्वजनिक मंच से पत्रकारों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पत्रकारों को अमर्यादित जैसे शब्दों से संबोधित किया, जिससे पत्रकार समाज की छवि धूमिल हुई और आम जनता के बीच गलत संदेश गया। संघ के अध्यक्ष अजय साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनके खिलाफ इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पत्रकार संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संघ के सचिव अभिषेक पाण्डेय ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार समुदाय का अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

---

# बड़ेडोगर थाने का शोरी ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बड़ेडोगर में नई थाना प्रभारी के रूप में श्री शोरी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार को बड़ेडोगर भाजपा मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार सलाम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने थाना पहुंचकर नवपदस्थ थाना प्रभारी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान सरपंच हिरासिंह नेताम, चंदुलाल कंरगा, विद्यासागर नायक, जयदेव नाग, कार्तिक सलाम एवं उपसरपंच सुकमन मरकाम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भेंट के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, जनसहयोग और कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी राजकुमारी शोरी ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

---

# कमिश्नर ने गारमेंट फैक्ट्री ग्रंथालय का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कमिश्नर डोमन सिंह ने डोंगरीगुड़ा स्थित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। महिलाओं को मिल रहे रोजगार की सराहना – फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं को मिल रहे रोजगार अवसरों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इस पहल को सराहनीय बताया। केन्द्रीय ग्रंथालय में अध्ययन सुविधाओं का निरीक्षण कमिश्नर ने सेन्ट्रल लाइब्रेरी का भ्रमण कर उपलब्ध पुस्तकों एवं युवाओं के लिए अध्ययन सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रंथालय में अध्ययनरत युवाओं से बातचीत कर उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी ली और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार मनोज रावटे, पुनेश्वर वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# माइंस की अव्यवस्था पर ट्रांसपोर्टर बिफरे, दी काम बंद की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल क्षेत्र स्थित पुष्प स्टील माइंस में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय परिवहन संगठनों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है। खंडीघाट चेमल एंडगुड परिवहन समिति, परिवहन संघ दुर्गूकोंदल तथा भानुप्रतापपुर परिवहन संघ की संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक माइंस में परिवहन कार्य बंद रखा जाएगा।

समिति के अध्यक्ष रामचंद्र कल्लो ने बताया कि माइंस में लोडिंग की प्रक्रिया समय पर पूरी कर ली जाती है, लेकिन अनलोडिंग में अत्यधिक देरी हो रही है। कई बार ट्रकों को 2 से 3 दिनों तक खड़ा रखना पड़ता है, जिससे वाहन मालिकों और ड्राइवरों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

इस स्थिति के कारण एक सप्ताह में मात्र तीन ट्रिप ही संभव हो पा रहे हैं, जिससे आय पर सीधा असर पड़ रहा है। परिवहन समिति ने यह भी आरोप लगाया कि अन्य माइंस की तुलना में यहां परिवहन दर काफी कम है। बढ़ती महंगाई, डीजल की कीमत, वाहन मेंटेनेंस और ड्राइवरों के खर्च के बावजूद उचित भुगतान नहीं मिल रहा है, जिससे ट्रक मालिकों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। माइंस क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति भी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। जर्जर और उबड़-खाबड़ सड़कों के कारण ट्रकों के टायर और अन्य पुर्जे जल्दी खराब हो जाते हैं, जिससे वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों की जल्द मरम्मत कराई जाए और अनलोडिंग व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए।

बैठक में खंडीघाट चेमल एंडगुड परिवहन समिति के बिहरीलाल, मनीष नरेटी, सियाराम गावड़े, अमित कुमार, राजकुमार बढ़ाई, मानिक लाल कड़ियाम, विनोद कुमार, संजय पटेल, संतलाल आमले, सगनूराम नेताम, छबीलाल नरेटी सहित कई सदस्य मौजूद रहे। दुर्गूकोंदल परिवहन संघ के शिवचरण सिन्हा, सुमन नाग, महत्तम दुग्गा, हरेंद्र नाग तथा भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के भूपेंद्र सिंह सिद्धू, लक्ष्मीकांत ठाकुर, सुशांत सिंह ठाकुर और परविंदर सिंह धालीवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी इस आंदोलन को समर्थन दिया।

---

## पेज 9 के शेष

### बिना रायल्टी परिवहन में संलिप्त...

के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और किसी भी स्थिति में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**संचालकों को दिए गए कड़े निर्देश :** सहायक खनिज अधिकारी मृदुल गुहा ने बताया कि खबर मिलने पर बिना रायल्टी का परिवहन करने वाले रेत भरी हाईवा को पकड़ा गया है और नियमानुसार पंचनामा बनाकर वाहन को चारामा थाना में सुपुर्द में रखा गया है। वाहनो में लोड रेत से पानी गिरने को लेकर भी संचालको को हिदायत दी गई है। बिना ढके रेत का परिवहन करने वाले वाहन चालकों को कड़े निर्देश दिए गए है।

### पश्चिमी विक्षोभ से जिले ...

चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां हिलती नजर आईं और कुछ जगहों पर हल्की अव्यवस्था की स्थिति भी बनी। इस दौरान विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। जिले के कई इलाकों में कुछ समय के लिए बिजली बाधित हो गई, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। उमस भरे माहौल में बिजली गुल होने से खासकर बुजुर्गों और बच्चों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

---

# माओवाद के अंत के साथ विकास को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव जिले के दूरस्थ ग्राम केजंग का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया और विकास कायोंर् की शुरुआत की।

1.20 करोड़ के विकास कायोंर् की सौगात क्षेत्रवासियों को लगभग 1.20 करोड़ रुपए के 11 विभिन्न विकास कायोंर् की सौगात दी गई, जिनमें सड़क, भवन और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। माओवाद मुक्त होकर विकास की ओर बढ़ता बस्तर – वन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो चुका है, जिससे बस्तर संभाग में विकास कायोंर् को नई दिशा और गति मिलेगी।

ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर सुविधा इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन, शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।






**जनप्रतिनिधियों की रही भागीदारी**

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, कोण्डागांव एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जनपद सीईओ उत्तम महोबिया एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### नक्सल मुक्त होते ही विकास ने पकड़ी गति

जिले के पूर्व माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में अब विकास कायोंर् को गति मिल रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रें में नई उम्मीद जगी है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी द्वारा विभिन्न ग्रामों में नल खनन कार्य हेतु भूमिपूजन कर पेयजल सुविधा विस्तार की शुरुआत की गई। कई ग्राम पंचायतों को मिलेगा लाभ – ग्राम ठोटी मड़ानार, मुँगवाल, पेरामपाल एवं चमई पंचायतों में इस पहल से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की और अपनी समस्याएं भी जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया।



---

# सेजेस में करियर गाइडेंस काउंसलिंग सत्र आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** पीएमश्री सेजेस भानुप्रतापपुर में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पीआर भारद्वाज सहित विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति रही।

सत्र में प्रवीण कुमार साहू गणित, संध्या घोष एवं संदीप चंद्राकर जीव विज्ञान, गरीमा सोनेल कॉमर्स तथा दीनदयाल यदू अंग्रेजी ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। गणित विषय के अंतर्गत इंजीनियरिंग, बैंकिंग, टीचिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कोडिंग जैसे क्षेत्रों के अवसरों पर प्रकाश डाला गया। वहीं जीव विज्ञान के क्षेत्र में नीट, फार्मेसी एवं अन्य मेडिकल संबंधित करियर के बारे में बताया गया। कॉमर्स स्ट्रीम में सीए, बैंकिंग एवं अन्य व्यावसायिक विकल्पों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पालकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी विशेषज्ञों द्वारा किया गया। यह सत्र न केवल विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की दिशा देने में सफल रहा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप

### शादाब अहमद को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के पूर्व सांसद सोशल मीडिया प्रभारी की अहम भूमिका निभा चुके शादाब अहमद को जिला कांग्रेस कमेटी शहर का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए शादाब अहमद ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा,लगन और समर्पण के साथ निभाएंगे एवं कांग्रेस की रीति-नीतियों और विचारधारा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। शादाब अहमद ने मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज,बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया है।

### नाला निर्माण से पहले सड़क निर्माण अनुचित



**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों विभिन्न सड़कों का तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन इन कार्यों की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया है कि बिना समुचित योजना के तत्काल खुदाई कर सड़क निर्माण किया जा रहा है, जो तकनीकी दृष्टि से उचित नहीं है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन के पास स्पष्ट विजन और दूरदर्शिता होती तो निर्माण कार्य निर्धारित क्रम में किया जाता। उन्होंने बताया कि नियमानुसार पहले नालियों का निर्माण, इसके बाद जल आपूर्ति की पाइपलाइन शिफ्टिंग और बिजली पोलों का स्थानांतरण किया जाना चाहिए, ताकि बाद में किसी प्रकार की खुदाई की आवश्यकता न पड़े। इसके विपरीत वर्तमान में सीधे सड़क निर्माण किए जाने से भविष्य में समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जल आपूर्ति पाइपलाइन शिफ्टिंग अत्यंत आवश्यक कार्य है, अन्यथा आने वाले समय में सड़कों को दोबारा खोदना पड़ेगा, जिससे न केवल सड़क क्षतिग्रस्त होगी बल्कि जनता के पैसों का दुरुपयोग भी होगा।

### मनरेगा हितग्राहियों को सशक्त बना रहा आरसेटी

**जगदलपुर।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और मनरेगा हितग्राहियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जगदलपुर के आड़ावाल स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहायक कलेक्टर विपिन दुबे ने संस्थान का निरीक्षण कर चल रही गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान संस्थान के निदेशक किरण कुमार लुगुन भी उपस्थित रहे। वर्तमान में संस्थान के माध्यम से प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा हितग्राहियों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अंतर्गत 27 मार्च से कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है, जो 8 अप्रैल तक चलेगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा से जुड़े परिवारों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उद्यमिता के कौशल में पारंगत करना है, ताकि वे केवल मजदूरी तक सीमित न रहकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें।

# नक्सल हिंसा के चार दशक का अंत, 31 मार्च 2026 को सुकमा नक्सल मुक्त घोषित

रोशन चौहान ▶▶| दोरनापाल

करीब चार दशक तक नक्सल हिंसा की मार झेलते रहे सुकमा जिले के लिए 31 मार्च एक ऐतिहासिक तारीख बन गई। जिला पुलिस और प्रशासन ने आधिकारिक रूप से सुकमा को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया है। यह घोषणा न सिर्फ सुरक्षा बलों की रणनीतिक सफलता है, बल्कि उन सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों के बलिदान का परिणाम भी है जिन्होंने इस संघर्ष की भारी कीमत चुकाई।

जिले में नक्सल हिंसा का पहला दर्ज मामला वर्ष 1989 में सामने आया था जब रामाराम गांव में डकैती कर हथियार लूटे गए थे। इसके बाद शुरू हुआ हिंसा का सिलसिला वर्षों तक जारी रहा। वर्ष 1980 के दशक से लेकर अब तक माओवादी घटनाओं में 398 निर्दोष नागरिकों की जान गई, जबकि लगभग 144 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों को मुखबिरी के शक में प्रताड़ित करना, पत्रकारों, शिक्षादूतों और आम नागरिकों को निशाना बनाना आम बात रही। कई मामलों में नाबालिग बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। बारूदी सुरंग और आईईडी विस्फोटों से आम नागरिकों को भारी नुकसान पहुंचाया गया, वहीं सड़क निर्माण, स्कूल भवन और अन्य विकास कार्यों को भी लगातार बाधित किया गया।

## 398 निर्दोषों की मौत, सैकड़ों घायल, अब शांति, सुरक्षा और विकास की नई शुरुआत



### बलिदान को समर्पित नई शुरुआत

विगत वर्षों में सुरक्षा बलों की लगातार मौजूदगी, सघन नक्सल विरोधी अभियान, प्रशासनिक समन्वय और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हालात तेजी से बदले। जिन इलाकों में पहले बारूदी सुरंगों का डर रहता था, वहां अब आम नागरिक बेखौफ आवाजाही कर रहे हैं। सड़क, पुल, मोबाइल नेटवर्क, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है। गांवों में शासन की योजनाएं पहुंचने लगी हैं और लोगों का भरोसा बढ़ा है। जिला पुलिस ने इस उपलब्धि को उन सभी निर्दोष ग्रामीणों और शहीदों को समर्पित किया है जिनके बलिदान से यह दिन संभव हो सका। अब सुकमा एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां बंदूक की जगह विकास और डर की जगह विश्वास ने ले ली है।

### 2006 बना सबसे खूनी साल

सुकमा के इतिहास में वर्ष 2006 को सबसे भयावह माना जाता है। एर्राबोर राहत शिविर पर हमला, दरभागुड़ा में ट्रक ब्लास्ट और मनीकोन्टा कांड जैसे घटनाओं में दर्जनों ग्रामीणों की जान गई। 17 मई 2010 को चिंगावरम में यात्री बस को आईईडी से उड़ाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। हालांकि सुरक्षा बलों के दबाव के चलते नक्सली गतिविधियां कमजोर हुईं, लेकिन 2024 और 2025 में भी ग्रामीणों, किशोरों और शिक्षादूतों की हत्या की घटनाएं सामने आईं। इससे स्पष्ट था कि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था।

## कोन्टा शराब दुकान व आबकारी विभाग की भूमिका संदिग्ध

# अवैध रूप से 50 हजार की शराब ले जाते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब पुलिस ने अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। कोन्टा पुलिस की शनिवार को की गई कार्रवाई से जहां शराब तस्करों में हड़कंप व्याप्त है तो दूसरी ओर कोन्टा की शराब दुकान और आबकारी विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

जिला सुकमा में पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, रोहित शाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स सुकमा एवं अभिषेक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा व मनोज तिर्की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोन्टा के मार्ग निर्देशन एवं डॉ प्रशांत देवांगन , पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, कोन्टा के पर्यवेक्षण में असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार धरपकड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 4 अप्रैल को थाना प्रभारी कोन्टा को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति दारू भट्टी कोंटा से एन एच 30 मार्ग से होते हुये एर्राबोर की ओर अंग्रेजी शराब लेकर जाने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोन्टा के नेतृत्व में कोन्टा पुलिस स्टाफ द्वारा नेशनल हाई वे-30 सहित जगह-जगह नाकाबंदी लगाया जाकर संदिग्ध वाहनों व सामानों की सघन चेकिंग प्रारंभ की गई। एनएच 30 मार्ग के पास ब्लाक कालोनी कोन्टा की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग में पुलिस की नाकाबंदी कर चेकिंग किया जा रहा था कुछ देर बाद एक संफेद रंग का मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 26 के 0902 आने पर रोककर पूछताछ करने पर अपना नाम आस विजय पिता स्व.आस नरैया 27 वर्ष साकिन एर्राबोर थाना एर्राबोर जिला सुकमा पुलिस द्वारा आरोपी आस विजय के कब्जे में रखे मैजिक वाहन के अन्दर से सभी चार कार्टूनों को नीचे जमीन पर रखवाकर देखे कि पहला कार्टून में अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक, 375 एमएल कुल 9000 एमएल, 24 सीसी, प्रत्येक किमती 380 रूपये कुल 9,120 रूपये, दूसरा कार्टून में अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक 180 एमएल कुल 8640 एमएल 48 सीसी, प्रत्येक किमती 190 रूपये कुल 9,120 रूपये, तीसरा कार्टून में अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर 500 एमएल कुल 12000 एमएल 24 केन, प्रत्येक किमती 160 रूपये कुल 3,840 रूपये, चौथा कार्टून में अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर 500 एमएल कुल 12000 एमएल 24 केन, प्रत्येक किमती 160 रूपये कुल 3,840 रूपये, अंग्रेजी शराब एमसी डॉवेल्स नंबर एक कुल 17.640 बल्कलीटर एवं अंग्रेजी शराब केन बीयर हंटर कुल 24.000 बल्कलीटर कुल जुमला 41.6400 बल्कलीटर, कुल किमत 25,920 रूपये एवं एक पुरानी इस्तेमाली मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 26 के 0902 किमती लगभग 2,50,000 रूपये, कुल जुमला करीबन 2,75,920 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी आस विजय के विरूद्ध थाना कोन्टा में अपराध क्रमांक 13/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लेने उपरांत वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना कोन्टा के उपनिरीक्षक पोपेन्द्र कुर्रे, प्र.आर. जितेन्द्र वर्मा, राकेश चांपा, मडक़म तमैया , आरक्षक डोमेश देवांगन, सेमल श्रीनू ,परमेश्वर ठाकुर, सेमल राजेश, नुप्पो लच्छा का विशेष योगदान रहा।

### शराब दुकान से लेकर आया था आरोपी : एएसपी



इस मामले में कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अवैध शराब मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी से प्रारम्भिक पूछताछ में कोन्टा शराब दुकान से अवैध शराब खरीदने की बात सामने आई है। हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस सूक्ष्मता से मामले की जांच कर अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई करेगी।

### आखिर इतनी मात्रा में आई कहां से अवैध शराब

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई निश्चित ही काबिले तारीफ है लेकिन इतनी मात्रा में अवैध शराब का बरामद होना कई सवालों को खड़े करता है। सूत्रों की माने तो इस पूरे मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी,कर्मचारी सहित कोन्टा की शराब दुकान की भूमिका भी संदिग्ध हैं। एक साथ इतनी मात्रा में शराब का परिवहन बिना सांठगांठ के सम्भव नहीं है।

# ऑनलाइन होगा तेंदूपत्ता संग्रहण का भुगतान : डीएफओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर वन विभाग ने कमर कस ली है। पूर्व की भांति इस बार भी संग्राहको को उनकी मेहनत की राशि पूरी तरह से सुरक्षित उनके खाते में जाने को लेकर वनमंडलाधिकारी भोसले ने स्पष्ट तौर पर कहा कि सम्पूर्ण भुगतान संग्राहक के खाते में ऑनलाइन ही जमा होगा।

- तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

वनमंडलाधिकारी सुकमा सह प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता सीजन की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समस्त उपवनमंडलकधिकारी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक तथा पोषक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे तेंदूपत्ता सीजन को सफल, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने हेतु पूर्ण जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़ी सभी प्रमुख गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। विशेष रूप से फड़ मुंशी की नियुक्ति, बुटकाटाई कार्यों की प्रगति, बुटकाटाई मजदूरी भुगतान, तेंदूपत्ता संग्रहण एवं भुगतान व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह जानकारी दी गई कि जिले की सभी 25 समितियों में बुटकाटाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष जिले में 25 समितियों के अंतर्गत कुल 727 फड़ों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य किया जाएगा। साथ ही, इस वर्ष गोगुण्डा में एक नए फड़ का भी शुभारंभ किया गया है, जिससे स्थानीय संग्राहकों को सुविधा एवं रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्राप्त होंगे।

### इस वर्ष भी संग्राहकों की बल्ले बल्ले

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि इस वर्ष भी तेंदूपत्ता का दर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया है, जिससे संग्राहकों को बेहतर पारिश्रमिक सुनिश्चित हो सके। ज्ञात हो कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने संग्राहको को प्रति मानक बोरा उचित मूल्य देने का वादा किया था।

# विदेशों में महक रही बस्तर की इमली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की इमली अपने अनूठे स्वाद के कारण थाईलैंड, अफगानिस्तान, श्रीलंका और खाड़ी देशों सहित 10 से अधिक देशों में धूम मचा रही है। जगदलपुर में स्थित मंडी में हर साल टनों इमली का कारोबार होता है, जो एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी मानी जाती है। बस्तर के आदिवासियों और ग्रामीणों की गर्मी में आय का मुख्य स्त्रोत है, जहां वे इमली का संग्रहण करते हैं। यहां की इमली अपने रंग और स्वाद के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण इसकी मांग देश के अन्य राज्यों (जैसे महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु) में भी बहुत अधिक है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर में वनोपज ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार माना जाता है। यहीं वजह है कि बस्तर में 60 फीसदी से अधिक आदिवासी बस्तर की वनोपज पर पूरी तरह से आश्रित है। पिछले वर्ष एक लाख 83 हजार क्विंटल इमली आवक हुई पर इस वर्ष जगदलपुर कृषि उपज मंडी में 2 लाख 48 हजार 615 क्विंटल इमली पहुंची। इस तरह से मंडी व्यापारियों ने लगभग डेढ़ लाख क्विंटल इमली को आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित विदेश में बेचा है। बताया जा रहा है कि जगदलपुर में एशिया की सबसे बड़ी इमली मंडी है और बस्तर की खट्टी-मीठी इमली का अरबों रुपए का वार्षिक कारोबार होता था, मंडी को शुल्क नहीं मिलने से इस बार अब तक लगभग दो करोड़ रूपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

- बस्तर के आदिवासी गर्मी में इमली से पूरी तरह से आश्रित

### राजस्व का हो रहा नुकसान

कृषि उपज मंडी जगदलपुर के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि इमली के मंडी शुल्क नहीं होने से मंडी को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के सेंट जोसेफ कैथेड्रल के मसीही विश्वासों द्वारा जगदलपुर डायोसीज के बिशप रेव्ह जोसेफ कोल्लमपराम्बिल के नेत्रत्व में गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के दुख भोग एवं क्रूस मारन के याद में पवित्र मिसा बलिदान के पश्चात क्रूस का रास्ता की रैली निकाली गई। ईसा मसीह को यहूदी शशकों ने कोड़ों से मारते हुए भारी क्रूस ईसा मसीह के कंधों में ढोकर कलवारी पहाड़ पर लेजाकर लकड़ी के बड़े क्रूस पर हाथों और जोड़ों में कीले धोंकर क्रुसिट किया। हजारों विश्वासी इस अवसर पर हाथों में क्रूस उठाकर अपने दृढ विश्वास को प्रकट किये। आज के दिन ईसा मसीह ने सारे जगत को पापों से छुटकारा दिलाने के लिए क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस दुखभोग की याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है।

# सोशल मीडिया पर मजबूत पकड़ के लिए भाजपा बस्तर ने बनाई नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला-बस्तर द्वारा सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी की सहमति, बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन, जिला संगठन प्रभारी सतीश लाटिया एवं जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे के मार्गदर्शन तथा जिला सोशल मीडिया संयोजक दिनेश के.जी. के समन्वय में की गई है। नई टीम से संगठन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी सूची के अनुसार ब्रिजेश शर्मा को जिला सह संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अन्य सदस्यों में नरेंद्र पाण्डेय (नानगुर), भूपेन्द्र दीवान, रोहन घोष, मोरध्वज सेठिया, नरेन्द्र पाण्डे (मुरकुची), पप्पू चालकी, बृजेश कपूर, पितेश्वर बघेल, विनायक बेहरा, अजय बैरागी और विनय मौर्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए बेहतर कार्य की अपेक्षा जताई है। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया संगठन का सशक्त माध्यम बन चुका है। नई टीम पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया है। जिला सोशल मीडिया संयोजक दिनेश के.जी. ने कहा कि टीम को बूथ स्तर तक डिजिटल रूप से सक्रिय किया जाएगा। सभी पदाधिकारी समन्वय के साथ कार्य करते हुए संगठन की बात को तेज़ी और प्रभाव के साथ जनता तक पहुंचाएंगे।

### पेंशनर्स महासंघ ने मंत्री केदार से की मुलाकात

**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। इस दौरान संघ द्वारा आगामी 7 अप्रैल को आयोजित संभागीय सम्मेलन एवं पेंशनर कार्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया गया। संभागीय अध्यक्ष आरएन टाटी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और पावर हाउस चौक स्थित कार्यालय भवन के लोकार्पण समारोह में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया।

# भाजपा नेतृत्व का आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों से सतत संपर्क बनाए रखने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं बस्तर संभाग प्रभारी यशवंत जैन तथा सुकमा संगठन प्रभारी टिकेश्वर जैन ने सुकमा में पूर्व जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी एवं पार्षद कांता के निवास पहुंचकर उनके माता-पिता एवं परिवारजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना।

- वरिष्ठ नेताओं ने राठी परिवार से की मुलाकात, संगठन की एकजुटता का दिया संदेश

इस दौरान नेताओं ने परिवारजनों से विस्तार से चर्चा करते हुए उनके स्वास्थ्य और दैनिक जीवन की जानकारी ली तथा हर परिस्थिति में संगठन के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस आत्मीय भेंट ने भाजपा के पारिवारिक और संवेदनशील संगठनात्मक स्वरूप को एक बार फिर उजागर किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धनी राम बारसे, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा सोयम मुक्का, दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, दंतेवाड़ा मंडल कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कश्यप एवं राजकुमार श्रीवाने की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के सम्मान और आपसी समन्वय को भाजपा की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह है, जहां हर कार्यकर्ता और उसका परिवार महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

इस मुलाकात ने न केवल संगठनात्मक एकजुटता को मजबूती दी, बल्कि कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के बीच विश्वास और आत्मीयता के संबंधों को भी और अधिक सुदृढ़ किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम रोजगार सहायकों ने शुरू किया धरना प्रदर्शन

कांकेर। छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ ने पखांजजुर में पंचायत सचिवों की भर्ती प्रक्रिया के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। संघ ने भर्ती नियमों में धांधली और अनुभवी कर्मियों की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाते हुए 3 अप्रैल से धरने पर बैठ गए है। संघ ने मांग किया है कि इस भर्ती प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए।

### संविदा भर्ती के लिए पीरक्षा अब 11 से

कांकेर। स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत 45प्रकार के 179 रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए लाइवलीहुड कालेज गोविंदपुर कांकेर और पी एम श्री शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 06 से12 अप्रैल तक आयोजित होने वाला कौशल विकास एवं लिखित परीक्षा के समय सारिणी में संशोधन किया गया है। अब यह परीक्षा संशोधित समय सारिणी के अनुसार 11 अप्रैल से आयोजित किया जाएगा।

### दूसरी बार सांसद बनने के उपरांत कांकेर के प्रथम प्रवास पर किया प्रहार

# घरेलू गैस सिलेंडर व पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों से आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्यसभा में दूसरी बार सांसद बनने वाली फूलो देवी नेताम ने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की जेब पर भारी असर डाला है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान है।

राज्यसभा सांसद के रूप में पुनः नियुक्ति के पश्चात प्रथम बार कांकेर आगमन पर सांसद फूलों देवी नेताम का कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस



कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव के नेतृत्व में आयोजित इस स्वागत समारोह में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण के साथ फूलों देवी का जोरदार अभिनंदन किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। प्रथम कांकेर दौरे के दौरान संगठन को लेकर भी फूलों देवी ने महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे निरंतर प्रयास करेंगी। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम ने राजीव भवन में पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी की जेब पर भारी असर डाला है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में तेजी से बढ़ रही नशाखोरी और अवैध शराब के कारोबार को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। रेत के अवैध खनन के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि इस दिशा में प्रभावी नियंत्रण नहीं किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन हो रहा है और शासन-प्रशासन की भूमिका संदिग्ध नजर आती है। इस अवसर पर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारणी चंद्राकार, प्रदेश सचिव जनक नंदन कश्यप, महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा, गफ्फार मेमन, हेमंत ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली करंट से किसान की मौत की जाँच में मिला अवैध कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




बड़गांव थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेझारकट्टा में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया, जहां खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभिक तौर पर यह घटना एक सामान्य दुर्घटना प्रतीत हो रही थी, लेकिन जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि किसान अवैध बिजली कनेक्शन का उपयोग कर रहा था, जिसने अंततः उसकी जान ले ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय बुधराम कवाची 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे अपने खेत में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान उसके टुल्लू पंप से जुड़ा अवैध बिजली कनेक्शन का सर्विस तार अचानक खेत में गिर गया। तार पहले से ही जर्जर और कट-फट स्थिति में था। स्थिति को संभालने के लिए बुधराम बिना किसी सुरक्षा उपकरण के उसे सुधारने में जुट गया, तभी अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गया। तेज झटके से उसके बाएं हाथ और सीने में गंभीर असर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उसे तत्काल सिविल अस्पताल पखांजूर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान, शव पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विद्युत विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट हुआ कि मृतक ने बिजली पोल से डायरेक्ट हुकिंग कर अवैध कनेक्शन लिया था। पुलिस ने मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए मृतक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135(1)(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत मुरूमपारा तांसी निवासी 30 वर्षीय उषा जुर्री पति टिकेश्वर ने कोसुम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 31 मार्च को शाम करीबन सवा 8 बजें कोसुम पेड़ में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# पारिवारिक विवाद में हिंसा, बाइक को लेकर भाई पर भाई ने किया हमला

**कांकेर।** पीव्ही 11 कृष्णानगर में एक मामूली पारिवारिक विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने दूसरे पर पाइप से हमला कर दिया, जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार 33 वर्षीय रंजनी कांत राय, जो पखांजूर में डिलिवरी बॉय के रूप में कार्यरत है, अपने छोटे भाई राकेश राय के साथ एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहता है। घटना 3 अप्रैल की रात करीब साढ़े 8 बजे की है, जब रंजनी कांत अपने बच्चों के साथ कमरे में टीवी देख रहा था और उसकी पत्नी बीना राय आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान राकेश राय, जो कथित रूप से शराब के नशे में था, घर के बाहर आकर जोर-जोर से गाली-गलौज करने लगा और अपने भाई को बाहर बुलाने लगा। रंजनी कांत बाहर नहीं निकला, तो आरोपी ने आंगन में



खड़ी मोटरसाइकिल को लेकर विवाद शुरू कर दिया और अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और राकेश राय ने पाइप से रंजनी कांत पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित के बांए हाथ और दोनों पैरों में चोटें आईं। घटना के बाद घायल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी राकेश राय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तीन के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सेन चौक तालाब के पास सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करते हुए आरोपी 30 वर्षीय सत्येंद्र साहू और 47 वर्षीय भीम यादव नितवासी भंडारीपारा को पकड़ा। दोनो आरोपी 3 अप्रैल को सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन कर रहे थे, जिनके कब्जे से अंग्रेजी शराब और दो नग डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पखांजुर पुलिस ने 3 अप्रैल को शाम साढ़े 7 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी आवासपारा पखांजुर निवासी कृष्णा प्रधान पिता स्व. हलाल खोर को अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए शराबियों को शराब पीने कि सुविधा देने पर आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एरक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




